**दिनांक 10.09.2025 को अपराह्न 04.00 बजे अपर मुख्य सचिव महोदय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार की अध्यक्षता में ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

उपस्थितिः—1 श्री दीपक कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
2. श्री निर्मल कुमार, अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
3. श्री जय किशोर ठाकुर, अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग
4. श्री अभय झा, संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
5. श्री कुमार राजीव रंजन, नोडल पदाधिकारी, PMGSY
6. श्री सतीश चन्द्र, नोडल पदाधिकारी, MMGSUY
7. श्री बरूण कुमार, नोडल पदाधिकारी, MGSY
8. श्री अजीत कुमार, नोडल पदाधिकारी, MMGSY

**बैठक के मुख्य बिन्दु :—**

अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा विभाग अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में निर्णय लिया गया :—

1. ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) अन्तर्गत Field Inspection Application के माध्यम से आवंटित पथों के निरीक्षण की प्रगति असंतोषजनक पायी गयी। आवंटित सभी पथों का निरीक्षण दिनांक 12.09.2025 तक पूर्ण करने का निदेश दिया गया। अगली समीक्षात्मक बैठक अपर मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 12.09.2025 को अपराह्न 05.00 बजे निर्धारित की गयी है।

(अनुपालन—सभी अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल / सभी कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल / सभी सहायक अभियंता / सभी कनीय अभियंता एवं सभी तकनीकी पयवेक्षक, ग्रामीण कार्य विभाग)

2. सभी आवंटित पथों / पुलों में निम्नांकित कार्रवाई दिनांक 15.09.2025 तक अचूक रूप से पूर्ण करने का निदेश दिया गया :—
(क) सभी पथों को Potless करने की कार्रवाई।
(ख) Main Informatory Board एवं Citizen Information Board लगाना एवं इसका Geo Tagged फोटोग्राफ MIS पर अपलोड करना।
(ग) साईट—लैब की संरचना को तैयार करना।
(घ) साईट पर मैटेरियल गिराने की कार्रवाई।
(च) आवंटित पैकेजों का एकरारनामा करना।

जो भी संवेदक द्वारा उपर्युक्त कार्य दिनांक 15.09.2025 तक नहीं किया जायेगा, उनपर CMBD एवं बिहार ठेकेदार निबंधन नियमवाली, 2007 की सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में कार्रवाई की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाय।

16.9.2025

(अनुपालन—सभी कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग)

3. विभिन्न योजनान्तर्गत जिनकी निविदा प्राप्त की जा चुकी है, उन सभी निविदाओं को निष्पादित कर कार्यादेश शीघ्र निर्गत करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन–सभी नोडल पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग)

**सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।**

**(दीपक कुमार सिंह)**
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः– मु०अ०–4 (मु०) विविध (कार्य)–06–153/2025 -5074 /पटना, दिनांकः–11/09/2025

प्रतिलिपिः सभी विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख के सचिव प्रावैधिक/सभी नोडल पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, ग्रामीण कार्य विभाग एवं सभी कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः– मु०अ०–4 (मु०) विविध (कार्य)–06–153/2025 5074 /पटना, दिनांकः–11/09/2025

प्रतिलिपिः– आई०टी० मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव